संस्थान के दिल्ली, जम्मू, इलाहाबाद, पुरी, तिरुपति तथा गुरुवायूर में स्थित छः संघटक विद्यापीठ हैं, इसके अतिरिक्त देश के विभिन्न भागों में इससे सम्बद्ध 22 संस्थाएं हैं। संस्थान का मुख्य कार्यालय, इसके संघटक विद्यापीठों के संचालन के अलावा संस्कृत में एक पत्राचार पाठ्यक्रम चलाता है तथा एक तिमाही संस्कृत पत्रिका सहित प्रकाशन निकालता है। इस प्रकार इसके कार्य-कलाप एक विश्वविद्यालय के जैसे हैं। हां संस्थान के मुख्य कार्यालय के अधिकारियों के पदनाम, शिक्षा तथा संस्कृति मंत्रालय के अधीन अन्य ऐसे ही स्वायत्त संगठनों की पद्धति के आधार पर हैं।

(ख) संस्थान के कार्य-कलाप इसके उन लक्ष्यों और उद्देश्यों के अनुरूप ही हैं, जिनके लिए इसकी स्थापना की गई थी।

दिल्ली में गरीब बच्चों की बेहतरी के लिए योजनाओं का कार्यान्वयन

3645. श्री कल्पना सोनकर : क्या शिक्षा और समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या समाज कल्याण विभाग गरीब बच्चों की बेहतरी के लिए कुछ योजनाएं क्रियान्वित करता है ;

(ख) यदि हां, तो ऐसी उनमें से दिल्ली में कार्यान्वित की गई योजनाओं की संख्या कितनी है ;

(ग) ये योजनाएं किन क्षेत्रों में कार्यान्वित की गई हैं ; और

(घ) यदि नहीं, तो क्या इस तरह की योजनाओं को कार्यान्वित करने का विचार है और यदि हां, तो कब तक ?

शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालयों में राज्य मंत्री (श्रीमती शीला कौल) : (क) और (ख). जी हां। निर्धन बच्चों की बेहतरी के लिए सारे देश (जिसमें दिल्ली भी शामिल है) में बहुत सी योजनाएं, जिसमें निम्नलिखित भी शामिल हैं, कार्यान्वित की जा रही हैं :—

1. समेकित बाल विकास सेवा योजना।

2. देख-रेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के कल्याण के लिए योजना।

3. विकलांगों के लिए कार्य करने वाली स्वयंसेवी संगठनों की सहायता योजना।

4. अपंगों को सहायक यंत्र खरीदने के लिए सहायता योजना।

5. बालवाड़ी और दिवस देखभाल केन्द्रों के द्वारा पोषाहार कार्यक्रम।

6. विकलांग बच्चों के लिए समेकित शिक्षा योजना।

7. विशेष पोषाहार कार्यक्रम।

(ग) एक विवरण पत्र संलग्न है।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

विवरण

योजना का नाम	क्षेत्रों के नाम
समेकित बाल विकास सेवा योजना	1. जामा मस्जिद
	2. नांगलोई
	3. नन्द नगरी
	4. त्रिलोक पुरी
	5. जहांगीरपुरी
	6. सीमापुरी
	7. मंगोल पुरी
	8. खानपुर
	9. शकर पुर
देख-रेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के कल्याण के लिए योजना	1. लाजपत नगर
	2. कीर्ति नगर
	3. नेहरू प्लेस
	4. इन्द्र पुरी
	5. दीनदयाल उपाध्याय मार्ग
	6. दक्षिण पुरी
	7. डाक्टर अम्बेडकर मार्ग
विकलांगों के लिए कार्य करने वाली स्वयंसेवी संगठनों को सहायता	1. ओखला
	2. रेड क्रास रोड
	3. रामकृष्ण मार्ग
	4. पहाड़गंज
	5. लाजपत नगर
	6. जंगपुरा
	7. लाल बहादुर शास्त्री मार्ग
अपंगों को सहायक यंत्र खरीदने के लिए सहायता योजना	1. संसारी नगर
	2. विष्णु नगर मार्ग
बालवाड़ी और दिवस देख-भाल केन्द्रों के द्वारा पोषाहार योजना	1. शाहदरा
	2. पटपड़ गंज
	3. रघुबीर नगर
	4. कुदसिया बाग
	5. मालवीय नगर
	6. पालम कालोनी

योजना का नाम	क्षेत्रों के नाम
	7. उत्तम नगर
	8. पंचकुइयां रोड
	9. रिठाला गांव
	10. चिराग दिल्ली
	11. सागर पुर
	12. मदनगीर
	13. नारायणा गांव
	14. बलजीत नगर
	15. टोडापुर
	16. घोंडली गांव
	17. पुरानी सब्जी मंडी
	18. वीरपुर गांव
	19. किंग्जवे कैम्प
	20. अलीपुर
	21. बाकोली
	22. माजरा
	23. ताजपुर
	24. कुलकपुर
	25. तिग्गीपुर
	26. जींदपुर
	27. मुखमेल पुर
	28. बूढपुर
	29. हिरन्की
	30. बख्तावरपुर
6. विकलांग बच्चों के लिए समेकित शिक्षा योजना	1. प्रेजीडेंट एस्टेट
	2. रिंग रोड
	3. लुडलो कैसल
	4. भारत नगर
	5. सिविल लाइन्स

इसके अतिरिक्त केन्द्र शासित दिल्ली की गन्दी बस्तियों और आर्थिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों में रहने वाले 0—6 वर्ष के आयु वर्ग के निर्धन बच्चों के लिए विशेष पोषाहार कार्यक्रम के अन्तर्गत चार सौ से अधिक केन्द्र चलाए जा रहे हैं।